**दिनांक : 24.04.2026** **समय : 07.10PM**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली को संबोधित किया।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज 10वीं की प्रदेश टॉपर प्रतिभा सिंह सोलंकी को सम्मानित किया।
- इंदौर पुलिस ने अगवा किये गए दो बच्चों को सात घंटे में सुरक्षित बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।
- राज्य में गर्मी का असर तेज, कई जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी।

प्रधानमंत्री- बंगाल

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में परिवर्तन तय है। उन्होंने पहले चरण के मतदान रुझानों को तृणमूल कांग्रेस के लिए झटका बताते हुए मतदाताओं से दूसरे चरण में अधिक मतदान की अपील की।। श्री मोदी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा समर्थित घुसपैठ के कारण राज्य के युवा बंगाल से बाहर नौकरी तलाशने को मजबूर हुए।

वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर दो लाख करोड़ रुपये रोकने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य उनके नेतृत्व में सुरक्षित है।तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए राज्य की विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने की बात कही।

छात्रा-सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज  भोपाल में 10वीं बोर्ड में टॉप करने वाली पन्ना की छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी को सम्मानित किया। प्रतिभा ने 500 में से 499 अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर उन्हें एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के निर्देश दिए और परिवार को बधाई दी।इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिभा को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि ऐसी बेटियां प्रदेश की शान हैं और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं।

समिति -बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में डेयरी फेडरेशन की बैठक आयोजित की गयी। मुख्यमंत्री ने 26 हजार गांवों को डेयरी से जोड़ने और रोजाना 52 लाख किलो दूध संकलन का लक्ष्य तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से डेयरी सेक्टर किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है और इसमें महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ाई जाएगी।

**आप सांसद इस्तीफा**

आम आदमी पार्टी के तीन सांसदों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने पार्टी छोड़ने की घोषणा की है। नई दिल्ली में श्री चड्ढा ने कहा कि वह राज्यसभा में आप के दो तिहाई सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। श्री चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के दस सांसद हैं, जिनमें से दो तिहाई से ज्यादा भाजपा में शामिल होने के फैसले के साथ हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी ने संबंधित दस्तावेज राज्यसभा के सभापति को सौंप दिए हैं।

पंचायती राज दिवस

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत राज संस्थाएं लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला हैं और ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।मुख्यमंत्री ने बताया कि स्थानीय स्वशासन, जनभागीदारी और

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में पंचायत व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इस मौके पर उमरिया, कटनी और गुना सहित कई जिलों में कार्यक्रम और ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।

लोकार्पण

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज मंदसौर जिले को 29 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी है। जिला अस्पताल में 100 बिस्तरों वाले नवनिर्मित वार्ड और अत्याधुनिक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को जल्द दूर किया जाएगा।

धार -सेफ सिटी

धार जिले को देश के चयनित "सेफ सिटी" शहरों में शामिल किया गया है। केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने निर्भया फंड के तहत धार के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस परियोजना के तहत शहर में महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी निगरानी, स्मार्ट लाइटिंग, महिला हेल्प डेस्क और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया।

एलपीजी

केंद्र सरकार ने एलपीजी आपूर्ति को लेकर स्थिति साफ करते हुए कहा है कि गैस की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ अफवाहों के कारण अनावश्यक भीड़ देखी जा रही है, इसलिए उपभोक्ता घबराएं नहीं और ऑनलाइन बुकिंग कर होम डिलीवरी का लाभ लें।वहीं, पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर भी जानकारी दी गई है कि

खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय जहाज से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है।

**अपहरण**

इंदौर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपहरण किए गए दो बच्चों को महज 7 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर लिया है।गुरुवार शाम तिरुपति गार्डन से 9 और 11 साल के दो बच्चे लापता हो गए थे, जिसके बाद परिजनों से 15 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया और राजेंद्र नगर इलाके में दबिश देकर एक दंपती समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और दोनों बच्चों को सुरक्षित छुड़ा लिया गया।

**निरीक्षण**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज ग्वालियर में सुबह अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर पेयजल, सीवर और सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने साफ कहा कि पानी की सप्लाई और सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने सीवर लाइनों की सफाई के लिए चल रहे अभियान का भी जायजा लिया और सुपर सकर मशीन से हो रहे काम को देखा।उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के जरिए सफाई व्यवस्था को और तेज और प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके।

गर्मी

राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं ने राज्य में गर्मी का असर और बढ़ा दिया है। नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां तापमान 43.8 डिग्री तक पहुंच गया। आज प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है, जिनमें निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, सिवनी, रतलाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर शामिल हैं।

**समाचार संक्षेप में :-**

- बैतूल जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिला एनसीओआरडी समिति की जिला स्तरीय बैठक 27 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।
- ग्वालियर के 17 परीक्षा केंद्रों पर 26 अप्रैल को राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2026 में 6036 अभ्यर्थी शामिल होंगे।
- शहडोल कलेक्टर ने जिले के पाइपलाइन अधोसंरचना उपलब्ध क्षेत्रों के आवासीय स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों, कम्युनिटी किचन एवं आंगनवाड़ी किचन में आगामी 5 दिनों के भीतर पीएनजी गैस कनेक्शन लेने के निर्देश दिये है।
- देवास जिला प्रशासन द्वारा देवास जॉब पोर्टल के माध्यम से एक मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है।
- सीहोर जिले में अब तक 240 उपज खरीदी केन्द्रों के माध्यम सेएक लाख 53 हजार 595 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी की जा चुकी है।